## शहर में आज



- सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) की ओर से शहीद स्मारक पावर हाउस चौराहे से शहीद स्मारक काकोरी तक पदयात्रा एवं साइकिल रैली 8:00 बजे।
- लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में कलरव, आइसा और जसम की ओर से कला दृश्य शीर्षक से कला प्रदर्शनी 12:00 बजे।
- गवर्नर हाउस गेट नंबर-1 के सामने ऑडिटोरियम में चिकित्सालय कर्मचारी महासंघ का वार्षिक अधिवेशन 12:00 बजे से
- अकादमी के बीएम शाह प्रेक्षागृह में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतिम दिन नाटक दूतवाक्यम का मंचन 3:30 बजे।
- जयपुरिया स्कूल गोमतीनगर में वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन 5 : 00 बजे से
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लाल जी टंडन फाउंडेशन की ओर से पुस्तक विमोचन कार्यक्रम 6 : 00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### दुबई-काठमांडू उड़ान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को आपात स्थिति में लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार विमान में ईंधन कम होने के संदेह पर पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लिया। बताया गया कि फ्लाई दुबई की फ्लाइट एफजेड-1133 सुबह करीब 8:22 बजे सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारी गई। विमान में कुल 154 यात्री सवार थे। पायलट ने स्थिति भांपते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क कर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद विमान को सुरक्षित उतार लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को एयरपोर्ट पर खड़ा कर दिया गया और यात्री विमान में ही बैठे रहे। इस दौरान तकनीकी टीम ने जांच की और ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू की। एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद रहीं। ईंधन भरने और आवश्यक जांच के बाद विमान सुबह करीब 10 बजे सभी यात्रियों को लेकर काठमांडू के लिए रवाना हो गया।

### लखनऊ होकर दिल्ली के लिए चलेंगी दो विशेष ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीष्मकालीन अवकाश में ट्रेनों में संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ होकर दिल्ली के बीच दो विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इनमें से एक ट्रेन वाराणसी से 15 अप्रैल से जबकि दूसरी लखनऊ से 20 अप्रैल से चलाई जाएगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 04209 वाराणसी- दिल्ली जंक्शन 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। यह ट्रेन वाराणसी से रात 22:15 बजे रवाना होगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04210 दिल्ली जंक्शन-वाराणसी 16 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रात 20:20 बजे चलेगी। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 04203 लखनऊ-नई दिल्ली का संचालन 20 अप्रैल से 7 जुलाई तक किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को सुबह 08:05 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर शाम 18:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

### ट्रैक और यात्री सुरक्षा पर विशेष जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआरपी लाइन में आयोजित अपराध गोष्ठी में अधिकारियों को यात्रियों और रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जीआरपी एसपी रोहित मिश्रा ने ट्रैक पर अवरोध और ट्रेनों में पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित पेट्रोलिंग और उसकी समीक्षा पर जोर दिया। उन्होंने ट्रैक किनारे रहने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने, पूर्व घटनाओं का अनावरण कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही रिहा अपराधियों, गैंग सदस्यों और हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। ट्रेनों में एस्कॉर्ट व्यवस्था की समीक्षा भी की गई।

# रक्षामंत्री ने 5827.9 लाख की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## हुसैनाबाद में निर्मित म्यूजियम में दिखेगी अवध की संस्कृति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गोमती नगर के विवेक खंड में आयोजित गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित म्यूजियम सहित 5827.9 लाख रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। चौक के हुसैनाबाद में 4,973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित इस म्यूजियम में अवध की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह प्रदेश की पहली ऐसी आईकॉनिक बिल्डिंग है, जहां बिना किसी कॉलम या पिलर के सहारे के 45 मीटर लंबा कैंटीलीवर निर्मित किया गया है। म्यूजियम भवन की आकर्षक डिजाइन इस इमारत को एक अलग पहचान देती है। यह म्यूजियम लखनऊ की समृद्ध विरासत, कला, शिल्प परंपरा को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करेगा। साथ ही स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि म्यूजियम सुबह 10 से रात 8 बजे तक खुलेगा। बच्चों के लिए प्रवेश शुल्क 50 रुपये व वयस्कों के लिए 100 रुपये है।



फीता काटकर परियोजनाओं का लोकार्पण करते रक्षामंत्री साथ में उपमुख्यमंत्री।

### नागरिकों को लक्ष्मण मण्डपम की सौगात

- लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एचएएल के सीएसआर फंड से गोमती नगर के विवेक खण्ड में 539.13 लाख रुपये से 2358 वर्गमीटर क्षेत्रफल में लक्ष्मण मण्डपम, गणेशगंज स्थित पुराना आरटीओ परिसर में 562.32 लाख रुपये से 930 वर्गमीटर क्षेत्रफल में लक्ष्मण मण्डपम् व ऐशबाग के सुदर्शनपुरी में 132.52 लाख रुपये से 662 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कराया है। इन कम्युनिटी सेंटर में हॉल, कमरे, कैंटीन, योगा सेंटर, लाइब्रेरी, क्लीनिक, फिजियोथेरेपी, स्टोर रूम आदि की सुविधा है। रक्षामंत्री ने इन तीनों कम्यूनिटी सेंटर का लोकार्पण करके नागरिकों को समर्पित किया।

# हर सैनिक की सांस में बसता है भारतः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनाथ सिंह के साथ सम्मान समारोह में शामिल हुए योगी
- वीर परिवारों के त्याग को बताया राष्ट्र का वास्तविक सम्मान

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि हर सैनिक की सांस में भारत बसता है और उसका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि उन वीर माताओं और परिवारों का भी है, जिनके त्याग और संघर्ष अक्सर मंच तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने कहा कि सीमा पर सैनिक लड़ता है, लेकिन उसका परिवार भी हर दिन चुनौतियों से जूझता है।

योगी शनिवार को स्मृतिका वॉर मेमोरियल, सूर्या ऑडिटोरियम में एक मीडिया समूह के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सियाचिन की बर्फीली ठंड हो या रेगिस्तान की तपती गर्मी, घने जंगल हों या समुद्र और आकाश की चुनौतियां— सैनिक हर परिस्थिति में अडिग रहकर देश की सुरक्षा करता है। इसी कारण 145 करोड़ देशवासी निश्चिंत होकर जीवन जी पाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस विषय पर किसी प्रकार की राजनीति या बहस नहीं होनी चाहिए। सैनिकों और वीर नारियों के प्रति सम्मान का भाव हर नागरिक के मन में होना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और रक्षा मंत्री के मार्गदर्शन में भारतीय सेना आधुनिक और सशक्त बन रही है। उत्तर प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के माध्यम से रक्षा उत्पादन को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है, जबकि झांसी और चित्रकूट जैसे नोड भी तेजी से विकसित हो रहे हैं। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि युद्ध स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र होगा, जहां से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना और प्रबल होगी। उन्होंने इसे देश के प्रति कर्तव्य और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने वाला आयोजन बताया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सेंट्रल कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



सैन्यकर्मी के परिजन को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

# महिलाओं की सरकार चुनने में अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पुरुषों के सापेक्ष महिला मतदाताओं के बीच अंतर घटा
- अब पुरुष 1613049 और महिला मतदाता 1467194

**अमृत विचार :** राजधानी में 9 विधानसभा क्षेत्रों की आधी आबादी सरकार चुनने में अहम भूमिका निभाएगी। एसआईआर के बाद 10 अप्रैल को जारी मतदाताओं की अंतिम सूची के अनुसार पुरूषों के सापेक्ष महिला मतदाताओं के बीच अंतर कम हुआ है। पुरूष मतदाताओं की संख्या 1613049 वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1467194 हो गई है। इनके बीच केवल 1,45855 मतदाताओं का अंतर रह गया है।

आगामी चुनाव में आधी आबादी प्रत्याशी की जीत-हार में निर्णायक भूमिका में नजर आएगी। इन आंकड़ों ने राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी है। आधी आबादी को अपने पक्ष में करने में सफल प्रत्याशी ही अपने विरोधी को परास्त करने में सफल हो पाएंगे।

### सरोजनीनगर में सबसे अधिक महिला मतदाता

- एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के अनुसार सरोजनीनगर विधासभा क्षेत्र में सबसे अधिक 217029 महिला मतदाता हैं। जबकि सबसे कम 117379 मतदाता कैंट विधानसभा क्षेत्र में हैं। एसआईआर से पहले सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या 1880029 थी, जो 412835 घटकर 1467194 रह गई है।

### उत्तरी विधानसभा में अधिक महिलाओं के कटे नाम

- एसआईआर के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची के बाद उत्तरी विधानसभा में सबसे अधिक 67530 और मलिहाबाद विधानसभा में सबसे कम 20594 महिला मतदाताओं के नाम कटे हैं। सरोजनीनगर में 63977 और पूर्वी विधानसभा में 63540, कैंट विधानसभा में 54807, मध्य विधानसभा में 47762, पश्चिमी विधानसभा में 36502, बीकेटी में 35166 और मोहनलालगंज विधानसभा में 22957 नाम मतदाता सूची से कटे हैं।

**एसआईआर से पहले और वर्तमान में महिला मतदाताओं की विधानसभा वार आबादी**

| विधानसभा | 27 अक्टूबर 25 | 10 अप्रैल 2026 |
|---|---|---|
| मलिहाबाद | 171838 | 151244 |
| बीकेटी | 233382 | 198216 |
| सरोजनीनगर | 281006 | 217029 |
| पश्चिम | 220312 | 183810 |
| उत्तर | 233762 | 166232 |
| पूर्वी | 221107 | 157567 |
| मध्य | 176644 | 128882 |
| कैंट | 172186 | 117379 |
| मोहनलालगंज | 16979 | 146835 |
| | 1880029 | 1467194 |

# यार्डों में कूड़ा डंप, 7 बजे के बाद निकल रहीं गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सफाई कंपनियों की मनमानी से कूड़ा उठान व्यवस्था ध्वस्त
- नगर आयुक्त के आदेश का भी नहीं हुआ असर

**अमृत विचार :** शहर की कूड़ा उठान व्यवस्था में सुधार के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश का भी अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां फील्ड पर सुबह 7 बजे के बाद निकल रही हैं। जबकि नगर आयुक्त ने गाड़ियां सुबह 6 बजे से निकालने के निर्देश दिए थे।

अधिकारियों की लापरवाही और सफाई कंपनियों की मनमानी से शहर की कूड़ा उठान व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। घरों से लेकर डम्पिंग यार्डों से समय से कूड़ा नहीं उठ रहा है। नगर निगम में शिकायत के बाद भी कर्मचारी कूड़ा उठाने समय से नहीं आ रहे हैं। इससे घरों से लेकर डम्पिंग यार्डों तक कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं।

### डम्पिंग यार्डों के बाहर सड़क तक फैला कूड़ा

- घरों के साथ ही डम्पिंग यार्डों से भी समय पर कूड़ा नहीं उठ रहा है। जगदीश चंद्र बोस वार्ड के हुसैनगंज क्षेत्र और हजरतगंज-रामतीरथ वार्ड में लखनऊ क्लब के पास बने डम्पिंग यार्ड के बाहर सड़क पर शनिवार को दोपहर तक कूड़ा फैला था। जगदीश चंद्र बोस वार्ड के पार्षद यावर हुसैन रेशू ने बताया कि डम्पिंग यार्डों से दो दिन में कूड़ा उठ रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है। कूड़े से क्षेत्र में बदबू फैल रही है, जिससे लोग परेशान हैं।



लखनऊ क्लब के सामने बने डम्पिंग यार्ड के बाहर दोपहर तक सड़क पर फैला कूड़ा।

### कूड़ा न उठने की आईं 1200 से अधिक शिकायतें

- नगर निगम के कंट्रोल रूम में पिछले 4-5 दिनों में घरों से कूड़ा न उठने की लगभग 1200 शिकायतें आयीं। इनमें सबसे अधिक लॉयन इनवायरो कंपनी के जोन 5 और 8 में और लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) के जोन 3 व 7 में थीं। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार की सख्ती के बाद शिकायतों का निस्तारण तेजी से कराया जा रहा है। नगर आयुक्त 14 तक कूड़ा उठान की स्थिति सामान्य होने का दावा कर रहे हैं।

# 501वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में बनेगी नई रणनीति 16 संगठनों की संयुक्त बैठक
- बिजली कर्मचारियों पर कार्रवाई वापस न होने से बढ़ा असंतोष

**अमृत विचारः** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का आंदोलन रविवार को 501वें दिन में प्रवेश करेगा।

इस अवसर पर लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले पावर सेक्टर के 16 प्रमुख श्रम संघों और सेवा संगठनों की केंद्रीय कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक और आमसभा आयोजित की जाएगी।

बैठक में आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई के खिलाफ आगे की रणनीति तय की जाएगी, साथ ही प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा पर भी चर्चा होगी। संघर्ष समिति का आरोप है कि 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशों के बावजूद पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अब तक दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली है। इससे हजारों कर्मचारियों के वेतन, पदोन्नति, वार्षिक वेतन वृद्धि, टाइम स्केल और सेवानिवृत्ति लाभ प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## धूप ने दिखाए तेवर पारा 3 डिग्री चढ़ा

**अमृत विचार :** धूप ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान करीब 3 डिग्री बढ़कर 35.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान भी लगभग 1.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से पछुआ हवाओं का दौर कम हो जाने के बाद एक हफ्ते में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर सकता है।

**कार्यक्रम** | सम्मेलन में विशेषज्ञों ने सामान्य प्रसव को प्राथमिकता देने पर दिया जोर

# प्रसव के बाद रक्तस्राव बड़ी चुनौती : डॉ. लीला व्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, लेकिन प्रसव के बाद होने वाला अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्टपार्टम हेमरेज) अब भी गंभीर चुनौती बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में सिजेरियन प्रसव के बढ़ते मामलों पर भी चिंता जताई गई।

जयपुर की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. लीला व्यास ने अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित फॉग्सी 'आर्ट ऑफ बर्थिंग कॉन्क्लेव 2026' में कहा कि प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत प्रसव ऑपरेशन से हो रहे हैं, जिसमें कमी लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रसव के दौरान या बाद में अत्यधिक रक्तस्राव प्रसूता के लिए जानलेवा हो सकता है। बच्चेदानी का संकुचित न होना, एनीमिया, जुड़वा गर्भ जैसी स्थितियां जोखिम बढ़ाती हैं, लेकिन सही प्रोटोकॉल और प्रशिक्षित टीम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. प्रीति कुमार ने कहा कि सिजेरियन प्रसव अब अधिक सुरक्षित हो गया है, लेकिन सामान्य प्रसव ही बेहतर माना जाता है। बदलती जीवनशैली, देर से गर्भधारण और अन्य कारणों से सिजेरियन के मामले बढ़ रहे हैं।

डॉ. भास्कर पाल ने भी आवश्यकता अनुसार ही सिजेरियन कराने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. पवन कुमार ने सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रशिक्षित मिडवाइफ और मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की जरूरत बताई।

- प्रशिक्षित स्टाफ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जरूरी




कार्यक्रम में मौजूद डॉ. लीला व्यास और डॉ. प्रीति कुमार सहित अन्य।

# ग्राहकों को लुभाने को खुले रियायतों के द्वार

नीरज मिश्र, लखनऊ

- चुभती कीमतों के बीच अक्षय निधि की चाहत रखने वाले ग्राहक करा रहे प्री-बुकिंग
- ऑफर के बाजार गर्म, कोई मेकिंग चार्ज तो कोई दे रहा शत-प्रतिशत ओल्ड गोल्ड की कीमत

**अमृत विचारः** सोने चांदी की चुभती कीमतों के बीच ग्राहकों को लुभाने के लिए ऑफर का सर्राफा बाजार गर्म है। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इस दिन सोने की खरीदारी की खास मान्यता है। ऐसे में पीली और सफेद धातु की खरीदारी के लिए ''ऑफर के बाजार'' सजकर तैयार हो गए हैं। हालांकि, कुछ व्यापारियों का मानना है कि इस बार अक्षय तृतीया पर्व में इन दोनों धातुओं की चढ़ती कीमतें खरीदारी पर थोड़ा बहुत असर जरूर डालेंगी। लेकिन शगुन के लिए लोग खरीदारी जरूर करेंगे। फिलहाल होती बुकिंग और ऑफर ग्राहकों को शोरूम तक जरूर लाएंगे।

अमीनाबाद, हजरतगंज, गोल मार्केट महानगर, अलीगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, चौक, आलमबाग, कृष्णानगर, आशियाना समेत विभिन्न बाजारों में शनिवार को भी रौनक दिखी। सभी शोरूम और ब्रांडेड-नॉनब्रांडेड कंपनियों ने खरीदारों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के लुभावने ''ऑफर'' दे रहे हैं। अधिकांश प्रतिष्ठानों ने मेकिंग चार्ज में 25 से लेकर 45 प्रतिशत तक की छूट का दावा किया है। डायमंड ज्वेलरी के लिए तो मेकिंग चार्ज में सौ फीसद छूट की बात कही जा रही है।

### ओल्ड-गोल्ड पर 100 फीसद तक एक्सचेंज



- पुराने जेवर के बदलने पर शहर के विभिन्न शोरूम में जांच के बाद सौ फीसद तक एक्सचेंज वैल्यू देने के ऑफर हैं। कैरेटोमीटर से जांच कर कैरेट की पहचान के बाद उसकी वैल्यू लगाई जाती है। प्री-बुकिंग पर भी बड़ी रियायत देने की बात चौक में ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

> अमीनाबाद बाजार में भी छूट के ऑफर दिए जा रहे हैं। अलग-अलग प्रतिष्ठान मेकिंग चार्ज पर अलग-अलग छूट दे रहे हैं। दोनों धातुओं की कीमतें चढ़ी हुई हैं। अक्षय तृतीया का बाजार चढ़ने की उम्मीद है। लोग लाइट वेट ज्वेलरी पसंद कर रहे हैं।
>
> -प्रदीप अग्रवाल, सर्राफ अमीनाबाद बाजार

> चौक सर्राफा बाजार में ग्राहकों को तमाम ऑफर दिए जा रहे हैं। मेकिंग चार्ज में 45 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध कराई जा रही है। पुराने गोल्ड पर सौ प्रतिशत भुगतान एक्सचेंज के रूप में किया जा रहा है।
>
> -सिद्धार्थ जैन, व्यापारी चौक

## सिटी ब्रीफ

### एजेंट की कार से 1.80 लाख रुपये चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाजारखाला के बुलाकी अड्डे से कलेक्शन एजेंट की कार से चोरों ने 1.80 लाख रुपये साफ कर दिये। आलमबाग के पटेलनगर निवासी जतिन अरोड़ा अमूल उत्पाद के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। बताया कि ऐशबाग राजेंद्र नगर निवासी अर्जुन गुप्ता कलेक्शन एजेंट और वाहन चालक है। शुक्रवार को वह बुलाकी अड्डा के पास कार खड़ी कर दीपक इंटरप्राइजेज की दुकान से रुपये लेने गया था। वापस आने पर उसने देखा कि कार की ड्राइविंग सीट का शीशा खुला हुआ है। सीट के नीचे काला बैग गायब है। पीड़ित के मुताबिक बैग में 1.80 लाख रुपये थे। पीड़ित ने अर्जुन गुप्ता पर चोरी का संदेह जाहिर करते हुए जतिन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच की जा रही है।

### फायरिंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा पुलिस ने फायरिंग के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी व उसके साथियों ने 16 सितंबर 2025 को विवेकानंदपुरम में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान फायरिंग की गई। दोनों पक्ष के आसिफ गाजी और आसिफ अली घायल हो गये थे। दोनों पक्षों ने गुडंबा थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दूसरे आरोपी यासिन गाजी फरार चल रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया था। आरोपी को शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ कई मामले पहले से दर्ज हैं।

### छात्र को अगवा कर पीटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** फार्मेसी छात्र को मारपीट कर अगवा करने के आरोपी को बंथरा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल को उन्नाव जिले के पुरवा थाना क्षेत्र में रहने वाले व बंथरा थाना क्षेत्र स्थित एक फार्मेसी कॉलेज में डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे छात्र ने सक्षम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उसका कहना था कि शाम करीब 4 बजे जब वह अपने दोस्त और साथ में पढ़ाई करने वाली युवती को बाइक से लेकर घर जा रहा था। तभी बंथरा क्षेत्र में बनी पुल के पास बलेनो कार सवार सक्षम सिंह ने उस पर अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने का आरोप लगाते हुए बोलेरो सवार अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे मारपीट कर अगवा करने और बाद में उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र में छोड़ कर फरार हो गए थे। शनिवार को कृष्णा नगर के भोला खेड़ा निवासी आरोपी सक्षम सिंह को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

### पीएम व सीएम पर अमर्यादित टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट निवासी सत्येंद्र कुमार ने बीबीडी थाने में शिकायत दी कि नितिन विश्वकर्मा ने इंस्टाग्राम आईडी "वन क्रिएटर" से प्रधानमंत्री को लेकर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया है। आरोप है कि वह अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, जिससे समाज पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इंस्पेक्टर राम सिंह के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। दूसरे मामले में इंदिरानगर के सुगामऊ निवासी दिलीप लोधी ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय श्याम यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ पोस्ट की। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने दो लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने आरोप गाया कि फर्जी एयर टिकट दिया। पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में तहरीर दी। कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। चौक रामनगर निवासी शुएब के मुताबिक उनके साढ़ू जावेद को ठाकुरगंज रामगंज निवासी मुन्ना दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। मुन्ना के माध्यम से उनकी मुलाकात बहराइच नानपारा मोतीपुर निवासी अकबर अली और समीर से कराई। आरोपियों ने दुबई भेजने का झांसा देकर पीड़ित के साढ़ू से 2 लाख रुपये 27 सितंबर 2024 को लिए। फिर आरोपी टालमटोल करने लगे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने व्हाट्सएप पर एयर टिकट भेजा, जो कि फर्जी निकला।

# मुनाफे का लालच देकर 200 लोगों से 500 करोड़ की ठगी

## फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी दिलाने व निवेश के नाम पर किया गया फर्जीवाड़ा, गोमतीनगर थाने में कारोबारी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


ठगी करने वाला काशिफ खान



फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी के शिकार कारोबारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी दिलाने और उनकी योजनाओं में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर दो सौ लोगों से करीब 500 करोड़ की ठगी की गई। पीड़ितों को मुनाफा और फ्रेंचाइजी दूर की बात निवेश की गई रकम भी नहीं वापस मिली। इस मामले में लखनऊ के कारोबारी ने गोमतीनगर थाने में करीब दो वर्ष पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने अभी तक इस मामे में कोई कार्रवाई नहीं की है। यह जानकारी पीड़ितों ने लखनऊ के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में दी

कारोबारी मनोज अग्रवाल, दिल्ली के विकास बंसल और मुंबई के राजेश तलवानी के मुताबिक यह कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहा एक सुनियोजित नेटवर्क है। कंपनी लोगों को एक साल में 80 फीसदी तक मुनाफा देने का झांसा देती थी। सोशल मीडिया के जरिए बड़े स्तर पर प्रचार कर निवेशकों को आकर्षित किया जाता था। भरोसा दिलाया जाता था कि पैसा तेजी से बढ़ेगा, लेकिन असल में यह ठगी का जाल था। दिल्ली के विकास बंसल ने बताया कि घोटाले ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया। कई लोगों ने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी लगा दी, तो कई ने कर्ज लेकर निवेश किया। मुंबई के कारोबारी राजेश तलवानी ने कहा कि करीब 12 साल पहले उनसे 3 करोड़ रुपये लिए गए थे, जो आज लगभग 30 करोड़ रुपये के बराबर हो चुके हैं। जरूरत पड़ने पर जब उन्होंने पैसा वापस मांगा तो उन्हें ब्लॉक कर दिया गया।

**12-14 साल से चल रहा था खेल**

पीड़ितों ने बताया कि यह घोटाला पिछले 12 से 14 वर्षों से चल रहा था। छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को निशाना बनाया गया। शुरुआत में बड़े पद और ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर विश्वास जीता जाता था, फिर फर्जी दस्तावेजों के जरिए मोटी रकम वसूली जाती थी। कारोबारियों ने मुख्य आरोपी काशिफ खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। कुछ प्रभावशाली लोग आरोपी को बचाने में लगे हैं। पीड़ितों ने आशंका जताई कि यदि आरोपी को जमानत मिली तो वह देश छोड़ सकता है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### एक सप्ताह पूर्व मुंबई से गिरफ्तार

- फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर देशभर में करोड़ों की ठगी के आरोपी काशिफ खान उर्फ कशीफ सरदार हाशिम खान मलिक, ऑपरेशन हेड कृष्णा देवी और वित्त नियंत्रक नवीन आहूजा उर्फ नवीन सर आहूजा को गोरखपुर के रामगढ़ ताल थाने की पुलिस ने 3 अप्रैल को मुंबई से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के हस्ताक्षर के नमूने भी जिला कारागार में जाकर लिये है। जिसे एग्रीमेंट से मिलान कराने के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद पीड़ित कारोबारी खुलकर सामने आने लगे हैं।

### अंसल की जमीन को अपना बता की रजिस्ट्री ठगे सात लाख

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** गोसाईंगंज के ग्राम धौरहरा निवासी अंजनी कश्यप अनुज ने बताया कि वर्ष 2024 में वह प्लॉट खरीदना चाहती थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात टनटहा निजामपुर मझिगवां निवासी रामप्रकाश और उसके बेटे रविंद्र से हुई। आरोपियों ने गांव के बाहर 722 वर्गफीट जमीन दिखाकर दावा किया कि यह अंसल टाउनशिप से अलग है और कोई विवाद नहीं होगा। सौदा सात लाख रुपये में तय हुआ।

9 अक्टूबर 2024 को रजिस्ट्री के बाद पीड़िता ने नकद व खाते से रुपये दे दिए, जबकि दस्तावेज में कीमत कम दर्शाई गई। बाद में बाउंड्री कराने पर अंसल कर्मियों ने निर्माण रुकवा दिया और जमीन अपनी बताई। जांच में प्लॉट अंसल का निकला। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकी दी। पुलिस ने धोखाधड़ी व धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिविल अस्पताल में 25 एसी के कॉपर पाइप चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के मेल-फीमेल मेडिकल वार्ड की छत पर लगे 25 एसी के कॉपर पाइप चोरों ने पार कर दिए। सूचना मिलने पर हजरतगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के अनुसार आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि 7 अप्रैल को इलेक्ट्रीशियन सुरेंद्र कुमार ने पुरानी बिल्डिंग की छत पर लगे एसी आउटर के कॉपर पाइप गायब देखे। निरीक्षण में 25 पाइप चोरी होना पाया गया। इसके बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई और आदेश पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

उधर महानगर के वॉयरलेस चौराहा स्थित पंजाब नेशनल बैंक को भी चोरों ने निशाना बनाया। शाखा प्रबंधक अजय कुमार के अनुसार 8 अप्रैल की रात चोर दो एसी के कॉपर पाइप और दो सिलिंग पंखे चोरी कर ले गए। साथ ही एटीएम और पासबुक प्रिंटर मशीन तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### दो घरों में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** वृंदावन योजना निवासी राधा रमन पांडेय का सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेवई हनुमंतनगर में मकान खाली था। 9 अप्रैल की रात चोर ताला तोड़कर बैट्री, रूम हीटर और तार के बंडल चोरी कर ले गए। पास के एक अन्य घर को भी निशाना बनाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बुलियन कारोबारियों ने एफआई बिल्डर से ठगे 10 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौक थाने में दर्ज हुई एफआईआर निवेश पर मुनाफे का लालच देकर ठगे थे रुपये
- चौक सराफा बाजार में बाहुबली बुलियन एंड ज्वेलर्स प्रा.लि. के नाम से दुकान

**अमृत विचार:** चौक के सराफा बाजार के बुलियन कारोबारी भाइयों ने एफआई कंस्ट्रक्शन के मालिक हमला सिराज से 10 करोड़ रुपये ठग लिये। कारोबारी भाइयों अमर सिंह व रंजीत सिंह की चौक के सराफा बाजार में बाहुबली बुलियन एंड ज्वेलर्स प्रा. लि. नाम से दुकान है। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर से मिलकर शिकायत की। इसके बाद चौक थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैंट निवासी एफआई कंस्ट्रक्शन के मालिक हमजा सिराज के मुताबिक दो वर्ष पहले दोस्त आरसी तिवारी ने दोनों आरोपी भाइयों अमर सिंह व रंजीत सिंह से परिचय कराया था। उनकी चौक सराफा बाजार में बाहुबली बुलियन एंड ज्वेलर्स प्रा. लि. नाम से दुकान है। दोनों ने उनसे अपने व्यापार का विस्तार करने की बात कहते हुए निवेश की बात कही थी।

इस सिलसिले में रंजीत के कार्यालय में कई बार बैठक भी हुई थी। आरोपियों ने निवेश की गई रकम पर प्रति माह तीन प्रतिशत मुनाफा देने का भी दावा किया था। हमजा ने बताया कि वह उनकी बातों में आ गए और 24 जून 2024 को दस करोड़ बुलियन फर्म के खाते में निवेश कर दिए। बाद में आपसी सहमति बनी कि दोनों पक्ष 10-10 किलो सोना निवेश करेंगे। बाकी बचा हुआ 2.60 करोड़ रुपये वापस कर दिये जाएंगे। इसके लिए 15 जुलाई 2024 को एक एग्रीमेंट हुआ। एग्रीमेंट के मुताबिक निवेश पर 3 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ देने की बात तय हुई थी। हमजा के अनुसार अक्टूबर 2025 तक उन्हें कुल 45 प्रतिशत लाभ मिलना था, जो करीब 4.5 किलो सोने के बराबर होता है। साथ ही कुल 14.5 किलो सोना और 2.60 करोड़ रुपये वापस मिलने थे। समय बीतने के बाद भी न तो लाभ दिया न ही मूलधन वापस किया। आरोपियों की नीयत बदल गई और धोखाधड़ी की। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रदर्शन कर सड़क जाम करने वालों पर एफआईआर

संवाददाता, सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर के दरोगा अवनीश वर्मा की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित चिल्लावां गांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवैध कट बंद किए जाने के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन किया। इस मामले में एसआई अवनीश वर्मा ने प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरोजनीनगर थाने में तैनात दरोगा अवनीश वर्मा के मुताबिक 9 अप्रैल को यातायात पुलिस ने चिल्लावां के पास अंग्रेजी मॉडल शॉप के सामने लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बने अवैध कट को बंद किया था। इस पर शाम करीब छह बजे ग्रामीणों और दुकानदारों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक पुलिस टीम संग मौके पर पहुंचे और यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और नारेबाजी करते हुए रास्ता बंद रखा। बाद में किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर प्रदर्शन खत्म कराया गया था।

इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति ने बताया कि इस मामले में एमसी तिवारी, राकेश (किराना स्टोर संचालक), बृजेंद्र शर्मा उर्फ पप्पू सहित अन्य 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ सड़क जाम करने और यातायात रोकने में सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्कूल बस की टक्कर से मां की मौत, बेटा घायल

संवाददाता, सरोजनीनगर


कमलेश

- राहगीरों ने चालक को पकड़कर पीटा, पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र स्थित पुरानी चुंगी के पास शुक्रवार सुबह बेकाबू स्कूल की बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। शनिवार सुबह इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कृष्णानगर के न्यू इंद्रपुरी भोला खेड़ा निवासी गौरव मां कमलेश शर्मा (76) को बाइक से लेकर शुक्रवार सुबह घर से मंदिर दर्शन करने के लिए निकले थे। सरोजनी नगर स्थित पुरानी चुंगी के पास निजी स्कूल की बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मां-बेटे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच राहगीरों ने डॉयल-112 पर हादसे की सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। उधर, घटना के बाद राहगीरों ने बस चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार सुबह इलाज के दौरान कमलेश की मौत हो गई। कमलेश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजाति ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पत्नी से परेशान पैथोलॉजी कर्मी ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट में लंबित है मामला, शुक्रवार को तारीख पर मिली थी धमकी

**अमृत विचार:** मड़ियांव इलाके में निजी पैथोलॉजी के कर्मी ने शुक्रवार देर रात जहर खा लिया। आरोप है कि पत्नी से उत्पीड़न से परेशान होकर युवक ने खुदकुशी की है।

फैजुल्लागंज स्थित श्याम विहार कॉलोनी निवासी अजय शुक्ला का इकलौता बेटा अमर दीप शुक्ला (37) निजी पैथोलॉजी लैब में सैंपल कलेक्शन का काम करता था। करीब 12 साल अमर अमर की शादी प्रीति से हुई थी। उनके दो बच्च हिमांशु और बेटी गुनगुन है। शादी के कुछ साल बाद से अमरदीप कुमार शुक्ला और प्रीति का विवाद चल रहा था।

प्रीति ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामला कोर्ट में लंबित था। 10 अप्रैल को कोर्ट में तारीख थी। वहां पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। जिससे वह काफी परेशान था। शाम को घर आने के बाद अमरदीप खाना खाने के बाद अपने कमरे में चल गया। रात करीब दो पिता बाथरूम जाने के लिए उठे तो अमरदीप के चिल्लाने की आवाज आयी।

वह ऊपर कमरे में गए तो देखा कि अमरदीप जमीन पर पड़ा था। वह खून की उल्टियां कर रहा था। यह देखकर परिजन ने आनन-फानन में उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान अमरदीप की मौत हो गई। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है परिवार की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम मशीन को बेल्चे से तोड़ने का प्रयास, नहीं निकला कैश

संवाददाता, सरोजनीनगर

- आठ मिनट तक लगा रहा हेल्मेट पहने बदमाश, कैमरे में कैद
- बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने शुरु की पड़ताल


क्षतिग्रस्त एटीएम।

**अमृत विचार:** बंथरा के बनी-मोहनलालगंज रोड स्थित एटीएम बूथ में शुक्रवार देर रात हेल्मेट पहनकर एक बदमाश घुस गया। बदमाश ने मशीन तोड़ने की कोशिश करने लगा। करीब आठ मिनट तक बदमाश ने एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया। कैश न मिलने से बदमाश मौके से फरार हो गया। शनिवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला तो आरोपी की करतूत कैद मिली। पुलिस फुटेज के सहारे आरोपी की तलाश शुरू कर रही है।

बंथरा के पहाड़पुर निवासी शौर्य श्रीवास्तव ने बताया कि बनी-मोहनलालगंज रोड स्थित बालाजी कंपलेक्स मार्केट में फ्रेंचाइजी लेकर एक उसका एटीएम लगा रखा है। शौर्य का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे रोज की तरह एटीएम बूथ से वह अपने घर चले गए। तभी देर रात बदमाश ने एटीएम बूथ में घुसकर मशीन को तोड़ने और उसका लॉक खोलने का प्रयास किया। करीब आठ मिनट तक बदमाश सब्बल से एटीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नही हो सका। मशीन से रुपये न निकलने में सफल नहीं हो सका और मौके से फरार हो गया। शनिवार तड़के 5 बजे जब वह एटीएम बूथ पहुंचे तो एटीएम मशीन क्षतिग्रस्त मिली।

जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि मशीन के लॉक को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति हेलमेट पहने एटीएम बूथ के अंदर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि शौर्य श्रीवास्तव की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## फिरोजाबाद के टप्पेबाज भाई साथी संग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महिला को कागज की नोटों की गड्डी दिखाकर जेवर हड़पने वाले दो भाइयों समेत तीन टप्पेबाजों को कैसरबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 4 अप्रैल को हुई वारदात के बाद पुलिस ने करीब 15 किमी दायरे के 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने उनके पास से लॉकेट, टॉप्स व 490 रुपये बरामद किए हैं।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि हुसैनगंज के उदयगंज स्थित पुराना बर्फ खाना निवासी पिंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह निजी काम से बर्लिंगटन चौराहे गई थीं, जहां दो टप्पेबाजों ने उन्हें रोककर बैग में नकली नोटों की गड्डी दिखाते हुए डेढ़ लाख रुपये होने की बात कही। बातों में फंसाकर उनसे मंगलसूत्र और सोने के टॉप्स उतरवा लिए और साथ चलने को कहा। उचक्कों के जाने के बाद बैग खोलने पर एक नोट असली और बाकी कागज निकले। जेवर की कीमत करीब 70 हजार रुपये थी।

शनिवार को इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्र ने टीम के साथ सआदत अली मकबरे के पास तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने अपने नाम शंकर राठौर, सुनील राठौर व प्रदीप राय बताए। तीनों नशे के आदी हैं और जेवर बेचने की फिराक में थे, लेकिन सफल नहीं हुए। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है।

## वजीरगंज में शॉर्ट सर्किट से व्यापारी के मकान में आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे में पाया काबू
- आग की लपटों से इलाके में मची अफरा-तफरी


मकान के ऊपरी हिस्से में लगी आग।

**अमृत विचार:** वजीरगंज के नबी उल्लाह रोड स्थित रिवर बैंक कॉलोनी में शनिवार सुबह व्यापारी मोहम्मद शरीफ के दो मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दूसरी मंजिल पर रखा कॉपी-किताबों व जनरल स्टोर का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के समय परिवार नीचे वाले हिस्से में मौजूद था।

आग की लपटें और धुआं देखकर पड़ोसियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घर छोड़कर बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार बढ़ती गई। सूचना पर चौक और हजरतगंज फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

एफएसओ पुष्पेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग बुझाने से पहले बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की तपिश से पड़ोसी मकान की दीवार में भी दरारें आ गईं।

पीड़ित के अनुसार, आग में लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल रहा।

## तीर्थ यात्रा पर गए कारोबारी के घर हुई लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृंदावन योजना में बंद मकान को बनाया निशाना, फॉरेंसिक टीम ने की जांच

**अमृत विचार:** पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-6बी स्थित बाबू बिहार कॉलोनी में फर्नीचर कारोबारी के बंद मकान में चोरों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और आलमारी समेत अन्य ताले तोड़कर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय कारोबारी अमित गुप्ता अपने परिवार के साथ जगन्नाथ पुरी तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे।

शनिवार सुबह पौधों में पानी देने पहुंचा नौकर घर के टूटे ताले देखकर घबरा गया और तुरंत मालिक को सूचना दी। इसके बाद रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो कमरे में रखी अलमारी खुली और सामान बिखरा मिला। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के जेवर चोरी हुए हैं, हालांकि सही आकलन परिवार के लौटने के बाद ही हो सकेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के अनुसार कुछ संदिग्धों की पहचान की गई है और नौकर से भी पूछताछ चल रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## सिटी ब्रीफ

### पीजीआई न्यूरोलॉजी के संस्थापक डॉ. यूके मिश्रा को नम आंखों से विदाई


डॉ. यूके मिश्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग के संस्थापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. यूके मिश्रा को शनिवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम में हुआ, जहां उनके पुत्र मनु मिश्रा ने मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवारजनों के साथ पीजीआई और अन्य संस्थानों के डॉक्टर, कर्मचारी व शुभचिंतक मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा का निधन दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान हुआ, जिससे चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पीजीआई में आयोजित शोक सभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आजमगढ़ के मूल निवासी डॉ. मिश्रा ने केजीएमयू से एमबीबीएस व एमडी किया और 1987 में पीजीआई से जुड़े। शोक सभा में कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने उनके योगदान को अपूरणीय क्षति बताया।

### डॉ. मोहन गुर्जर अध्यक्ष व डॉ. विवेक बने सचिव


डॉ. मोहन गुर्जर


डॉ. विवेक सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजी पीजीआई फैकल्टी फोरम के दो दिवसीय चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। चुनाव परिणामों के अनुसार, सीसीएम विभाग के डॉ. मोहन गुर्जर को अध्यक्ष चुना गया, जबकि रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. विवेक सिंह निर्विरोध सचिव निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. विजय दत्त उपाध्याय का भी निर्विरोध चयन हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. रुद्राशीष हलदर, डॉ. पुनीता लाल, डॉ. नवीन गर्ग, डॉ. रचना अग्रवाल और डॉ. अनंत मेहरोत्रा को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में कुल 141 संकाय सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से एक मत अमान्य घोषित किया गया।

# केजीएमयू में स्थापित होगा देश का पहला पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन प्रशिक्षण केंद्र

## खर्राटे व स्लीप एपनिया बने साइलेंट किलर, 10 करोड़ लोग प्रभावित, अधूरी नींद से हार्ट अटैक का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में मौजूद डॉ. सूर्यकांत व अन्य चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश में बड़ी संख्या में लोग नींद से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। करीब 40 प्रतिशत पुरुष, 20 प्रतिशत महिलाएं और 10 प्रतिशत बच्चे खर्राटे लेते हैं, जबकि लगभग 10 करोड़ लोग ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया से प्रभावित हैं। केजीएमयू में जल्द ही देश का पहला पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह जानकारी रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने कार्यशाला में दी।

उन्होंने बताया कि स्लीप एपनिया के कारण नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे दिन में उनींदापन रहता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। अधूरी नींद से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ता है। कार्यशाला में स्लीप एपनिया की जांच प्रक्रिया और पॉलीसोमनोग्राफी पर भी चर्चा हुई।

लोहिया संस्थान के डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के मामले बढ़ रहे हैं, जिसमें फेफड़ों में सिकुड़न आ जाती है। केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानन्द ने बेहतर उपचार के लिए प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक पर जोर दिया। डॉ. संतोष कुमार और डॉ. राजीव गर्ग ने प्रदूषण से बचाव, धूम्रपान छोड़ने, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम की सलाह दी। विशेषज्ञों ने सांस की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय जांच कराने को कहा।

### पार्किंसन रोग के प्रति किया जागरूक

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया संस्थान के न्यूरोलॉजी विभाग की ओर से शनिवार को विश्व पार्किंसन दिवस के अवसर पर पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम एवं मरीज–डॉक्टर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को बीमारी के लक्षण, बचाव तथा आधुनिक उपचार विकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों में डॉ. अजय सिंह, डॉ. दिनकर, डॉ. अब्दुल तथा डॉ. रजनी शामिल रहे। चिकित्सकों ने लोगों की शंकाओं का समाधान करते हुए पार्किंसन रोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। डॉ. अब्दुल ने बताया कि योग, नियमित शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से पार्किंसन रोग के मरीजों में चलने–फिरने की क्षमता, संतुलन तथा समग्र जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञों ने जोर दिया कि समय पर पहचान और निरंतर उपचार से रोग के प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# दंपति ने अपने-अपने पिता का एक साथ कराया प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घुटने के ऑपरेशन के बाद मरीजों को मिली राहत

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हड्डी रोग विभाग में एक अनोखा और भावनात्मक मामला सामने आया है, जहां एक डॉक्टर दंपति ने अपने-अपने पिता का एक साथ घुटना प्रत्यारोपण (टोटल नी आर्थ्रोप्लास्टी) कराया। यह केजीएमयू के इतिहास में पहला अवसर बताया जा रहा है जब एक महिला और पुरुष डॉक्टर ने मिलकर अपने-अपने पिता का एक साथ सफल ऑपरेशन कराया।

चित्रकूट निवासी 76 वर्षीय मरीज पिछले चार वर्षों से दोनों घुटनों में गंभीर दर्द से जूझ रहे थे। लगातार बढ़ते दर्द के कारण उनकी चलने-फिरने की क्षमता प्रभावित हो गई थी और दैनिक कार्य भी कठिन हो गए थे। जांच में उन्हें गंभीर ऑस्टियो आर्थराइटिस की पुष्टि हुई।

वहीं दूसरे मरीज, प्रयागराज निवासी 65 वर्षीय व्यक्ति, पिछले तीन वर्षों से घुटनों के दर्द से परेशान थे। उनकी भी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो चुकी थी और सामान्य गतिविधियां करना मुश्किल हो गया था। दोनों परिवारों के लिए यह समय काफी चुनौतीपूर्ण और भावनात्मक रहा। लंबे समय तक दर्द झेलने के बाद डॉक्टर दंपति ने विशेषज्ञों की सलाह पर दोनों के लिए एक साथ घुटना प्रत्यारोपण कराने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों मरीजों को केजीएमयू हड्डी रोग विभाग में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेंद्र सिंह कुशवाहा को दिखाया गया। उनके सुझाव पर दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण किया गया। डॉ. नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा और दोनों मरीजों की स्थिति में सुधार है। उन्हें दर्द से काफी राहत मिली है तथा वे वॉकर के सहारे चल-फिर भी पा रहे हैं।

### ऑपरेशन टीम

■ इस जटिल शल्य प्रक्रिया में डॉ. नरेंद्र सिंह कुशवाहा, डॉ. महेश कुमार, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. तुषार सिंह बुढ़ियाल, डॉ. अंकित वर्मा, डॉ. आयुष तिवारी, डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. शिवानी, डॉ. गोविंद और डॉ. हरीश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महिला मरीज से अल्ट्रासाउंड के दौरान छेड़छाड़ का आरोप, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉक्टर पर अभद्रता का भी आरोप विभागाध्यक्ष बोले, प्रकरण की होगी निष्पक्ष जांच

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड के दौरान चिकित्सक पर महिला मरीज से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पीड़िता का कहना है विरोध पर उससे अभद्रता करने के साथ धमकाया भी किया। पीड़िता ने विभागाध्यक्ष से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

यूरोलॉजी संबंधी समस्या के इलाज के लिए 37 वर्षीय महिला ओपीडी में पहुंची थी, जहां डॉक्टरों ने जांच और दवाएं लिखीं। इसके बाद उसे किडनी, यूरेटर और ब्लैडर (केयूबी) का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए विभाग भेजा गया। जांच के दौरान महिला ने महिला स्टाफ की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई, लेकिन डॉक्टर ने स्वयं जांच करने की बात कहकर प्रक्रिया शुरू की। पीड़िता का आरोप है कि जांच के बहाने डॉक्टर ने छेड़छाड़ की, जिससे घबराकर वह चिल्लाते हुए बाहर आ गई। शिकायत की बात कहने पर डॉक्टर ने अभद्रता भी की। महिला ने विभागाध्यक्ष डॉ. अपुल गोयल को लिखित शिकायत दी है। विभागाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है और प्रॉक्टर कार्यालय को भी सूचित किया गया है। आरोपी डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### आयुष का डॉक्टर कर रहा जांच

■ यूरोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड जांच आयुष का डॉक्टर कर रहा है। करीब 10 साल से आयुष डॉक्टर मरीजों की जांच कर रहे हैं। जबकि रिपोर्ट पर दस्तखत रेडियोलॉजी विभाग के रेजिडेंट कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रेडियोलॉजी विभाग में नियमित व रेजिडेंट डॉक्टरों की लंबी चौड़ी फौज है। इसके बावजूद आयुष विधा के डॉक्टर से जांच कराई जा रही है। ऐसे में विभाग में अल्ट्रासाउंड जांच की प्रक्रिया सवालों के घेरे में है।

# नुक्कड़ नाटक से दिया सुरक्षित मातृत्व का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम में शामिल नर्सिंग छात्राएं, अस्पताल की सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा, डॉ. सलमान व अन्य।

- समय पर देखभाल से जटिलताओं से बचाव संभव
- राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जिला महिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर वीरांगना आवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विवेकानंद पॉलीक्लिनिक स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर गर्भावस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों तक पहुंचाईं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गर्भावस्था का समय से पंजीकरण, नियमित जांच, संतुलित आहार, आयरन-फोलिक एसिड व कैल्शियम सेवन, टिटेनस-डिप्थीरिया (टीडी) टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। साथ ही बताया गया कि समय पर जांच और उचित पोषण अपनाने से गर्भावस्था की जटिलताओं से बचाव संभव है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व प्रत्येक महिला का अधिकार है और इसके लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने बताया कि समय से पंजीकरण कराने पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है और कम से कम चार प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) से जोखिमों की समय रहते पहचान हो जाती है। कार्यक्रम में आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर डॉ. रंजना प्रसाद, डॉ. सलमान, स्टाफ नर्स किरनलता सोनकर, कीर्ति तिवारी, मोहम्मद आसिफ सहित अन्य कर्मचारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

# भोजपुरी संस्कृति के रंग में रंगा शहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया उद्घाटन
- अखिल भारतीय भोजपुरी समाज ने आयोजित किया स्नेह मिलन


दीप प्रज्ज्वलित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के तत्वावधान में आलमबाग सामुदायिक केन्द्र में स्नेह मिलन, भोजपुरी भोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशेष आमंत्रित सदस्य वेद प्रकाश राय सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। संयोजक अदित सिंह और सह-संयोजक कपिल देव कुशवाहा, विक्रम कुशवाहा व लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजन सफल रहा। कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र कुमार और सुरेंद्र कुमार के साथ स्वागत समिति में धनंजय शर्मा, रंजन सिंह और रमाकांत राय सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अवधेश, अंगद राम ओझा, सुरेश और संजय यादव ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था पिछले 42 वर्षों से भोजपुरी भाषा, संस्कृति, लोककला और साहित्य के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। साथ ही छठ महापर्व को राष्ट्रीय अवकाश घोषित कराने और भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग भी उठाई जा रही है।

# मोटापा बना दिल का दुश्मन बढ़ा रहा हार्ट अटैक का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की चेतावनी, संतुलित आहार व नियमित जांच जरूरी

**अमृत विचार :** मोटापा अब केवल शरीर की बनावट तक सीमित समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह दिल की बीमारियों का बड़ा कारण बनता जा रहा है। अधिक वजन वाले लोगों में हार्ट अटैक का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में अधिक होता है। यह जानकारी लोहिया संस्थान के कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि शरीर में अतिरिक्त चर्बी से कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ता है, जिससे दिल पर दबाव पड़ता है। मोटापा डायबिटीज का भी कारण बनता है, जो हृदय रोगों का खतरा बढ़ाता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और वजन नियंत्रण से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

### शोर से बढ़ता तनाव

■ लारी के डॉ. गौरव चौधरी ने बताया कि तेज आवाजें तनाव और ब्लड प्रेशर बढ़ाती हैं, जिससे दिल पर असर पड़ता है। शोरगुल से नींद की गुणवत्ता भी खराब होती है।

### लक्षण दिखें तो कराएं जांच

■ पीजीआई के डॉ. आदित्य कपूर ने कहा कि सीने में दर्द, सांस फूलना, थकान या धड़कन अनियमित होना हृदय रोग के संकेत हो सकते हैं। 30 वर्ष के बाद नियमित जांच जरूरी है।

### संतुलित आहार रखें

■ डॉ. शरद चन्द्रा ने बताया कि हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज, दालें, ओट्स, बादाम व अलसी जैसे खाद्य पदार्थ लाभकारी हैं। तला-भुना, जंक फूड, चीनी और रेड मीट से परहेज करें।

## सिटी डायरी

### आदिशक्ति रामशक्ति का मंचन


आदि शक्ति राम शक्ति का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के सातवें दिन नाट्य संस्था निसर्ग ने नाटक 'आदिशक्ति रामशक्ति' का मंचन किया। ललित सिंह पोखरिया के निर्देशन में यह प्रस्तुति बीएम शाह प्रेक्षागृह में हुई। नाटक राम–रावण युद्ध की तैयारी के समय की कथा पर आधारित है, जिसमें रावण पर दिव्यास्त्रों के प्रयोग के बावजूद उसकी अपराजेयता से राम व्यथित हो जाते हैं। हनुमान उस दैवीय शक्ति से युद्ध करते हैं, जबकि जामवंत और विभीषण राम को उनके पराक्रम का स्मरण कराते हैं। अंतत: राम 108 कमल अर्पित कर देवी की आराधना करते हैं और अंतिम कमल के रूप में अपनी आंख अर्पित करने का संकल्प लेते हैं, तभी देवी प्रकट होकर उन्हें विजय का आशीर्वाद देती हैं। नाटक में अंकुर सक्सेना का संगीत और प्रकाश प्रभाव विशेष आकर्षण रहे। सुमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अभिनव सिंह, लोकेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, ललित कुमार, एसडी सिंह ने प्रभावी अभिनय किया।


बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा बनाते समिति के पदाधिकारी

### आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम की घोषणा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यक्रम 13 और 14 अप्रैल तक चलेगा। आयोजन स्थल गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के मुख्य द्वार के सामने निर्धारित किया गया है। पहले दिन जयंती की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध भीम गीत गायक राम निवास पसवान अपनी मंडली के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन बाबा साहब के अनुयायियों के बीच 10 कुंतल भोजन, फल और मिष्ठान का वितरण किया जाएगा। समिति की बैठक में संयोजक अवधेश कुमार वर्मा, डॉ. राम सबद जैसवारा, अजय कुमार सहित कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान कई पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।


पेंशनरों की समस्याओं को रखते परिषद के पदाधिकारी।

### बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत भूषण गोयल ने की। बैठक में पेंशनर्स ने शासन–प्रशासन का ध्यान अपनी प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए पूर्व में बनी सहमतियों को जल्द लागू करने की मांग की। मुख्य रूप से चिकित्सा भत्ता बढ़ाने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समय पर भुगतान करने और लखनऊ में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए अधिक अस्पतालों को पैनल में शामिल करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा गलत बिजली बिलों को शीघ्र सुधारने की भी मांग की गई।



सम्मानित होते लखनऊ के कलाकार भूपेन्द्र अस्थाना।


### भूपेन्द्र सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** काशी के संकट मोचन मन्दिर में आयोजित 6 दिवसीय 103वें संकट मोचन संगीत समारोह में लखनऊ के कलाकार भूपेन्द्र अस्थाना को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में देश भर से 22 कलाकारों और मूर्तिकारों ने शिरकत की। आमंत्रित कलाकार के रूप में इस समारोह में शामिल हुए भूपेन्द्र अस्थाना ने कैनवस पर हनुमान जी का दर्शनीय रेखांकन किया। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं बल्कि भीतर की जागरूकता और संतुलन के रूप में नजर आता है।

**गोष्ठी** साझा संस्कृति विषय पर आयोजित कार्यक्रम में दो पुस्तकों का विमोचन, हिंदी–उर्दू को बताया साझा विरासत की पहचान

# हिन्दुस्तान की तहजीब का हिस्सा है उर्दू : अली इमाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुस्तक प्रेमचंद एक नकीब के द्वितीय संस्करण का विमोचन करते अली अहमद, अली इमाम खान, आभा खरे, खालिद अशरफ, सगीर व अन्य।

**अमृत विचार।** कैफी आजमी अकादमी और जनवादी लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 'उर्दू में साझा संस्कृति' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सगीर अफराहीम की पुस्तक 'प्रेमचंद : एक नकीब' के द्वितीय संस्करण और खालिद अशरफ की पुस्तक 'परीखाना : बेगमात-ए-अवध के ख़ुतूत' का विमोचन किया गया।


गोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी और उर्दू को साझा संस्कृति की पहचान बताया। राजीव प्रकाश साहिर ने प्रेमचंद को याद करते हुए वर्तमान वैश्विक और राष्ट्रीय परिस्थितियों पर चिंता जताई तथा हिंदी-उर्दू की साझेदारी को शायरी के माध्यम से प्रस्तुत किया। सगीर अफराहीम ने कहा कि खुसरो से लेकर आज तक दो सांस्कृतिक धाराएं साथ चलीं, लेकिन अब उनमें दूरी बढ़ती दिख रही है। उन्होंने प्रेमचंद की 'ईदगाह' का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता अली इमाम ने कहा कि उर्दू को गलत तरीके से किसी एक वर्ग की भाषा के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि यह हिन्दुस्तान की मुश्तरका तहजीब का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हिंदी और उर्दू का जन्म एक ही सामाजिक परिवेश में हुआ और दोनों हमारी साझा विरासत, खान-पान और संस्कृति से जुड़ी हैं। खालिद अशरफ ने भाषाई दृष्टि से हिंदी और उर्दू को एक ही भाषा की दो शैलियां बताया और कहा कि उर्दू में विभिन्न भारतीय भाषाओं का व्यापक योगदान है। अध्यक्षता करते हुए अली अहमद फातमी ने कहा कि भाषा का कोई धर्म नहीं होता और उर्दू को किसी एक समुदाय से जोड़ना उचित नहीं है। कार्यक्रम का संचालन सलमान ख्याल ने किया, जबकि अंत में आभा खरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एलएसजी और जीटी के मैच में ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आईपीएल मैच**

- तीन सुपर जोन में बांटा गया इकाना स्टेडियम, बनाए गए छह जोन व 16 सेक्टर
- एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्धसैनिक बल समेत दो हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात



**अमृत विचारः** भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस की टीमों के बीच मैच खेला जाना है। इसे लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। सुरक्षा के लिहाज से इकाना परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से अराजकतत्वों व टिकट ब्लैक करने वालों पर पुलिस निगरानी करेगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी ट्रैफिक के लिहाज से रूट और सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे।

सुरक्षा में अधिकारियों के अलावा, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्ध सैनिक बल और पुलिस कर्मियों समेत 2000 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। शनिवार देर शाम सुरक्षा के संबंध में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने निर्देश जारी किये हैं। जेसीपी कानून-व्यवस्था के मुताबिक सुरक्षा में तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा, 465 सिपाही तैनात किये गये हैं।

इसके अलावा यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए पूरे एरिया को दो सुपर जोनल, तीन जोनल, नौ सेक्टर व 24 सब सेक्टर बांटा गया है। जिसमें दो पुलिस उपायुक्त, तीन अपर पुलिस उपायुक्त, नौ सहायक पुलिस आयुक्त, 28 इंस्पेक्टर, 161 दोरगा, 391 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 108 होमगार्ड तैनात किये गये हैं। वहीं, पांच कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ, वायरलेस यूनिट, इंटेलिजेंस (एलआईयू), एक टीम एटीएस, वॉक-थ्रू मेटल डिटेक्टर, तीन बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड, एक एंटी माइन टीम को मुस्तैद किया गया है।

जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अथवा जहां महिलाओं और युवतियों का झुंड होगा वहां पर छेड़छाड़ और छींटाकशी की आशंका रहती है। ऐसे में महिलाएं अथवा युवतियां जहां ज्यादा होंगी वहां पर सादे कपड़ों में 130 महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### भीड़ प्रबंधन एवं वीवीआईपी व्यवस्था

- स्टेडियम के सभी गेटों पर अलग-अलग प्रवेश/निकास व्यवस्था लागू की गई है।
- वीवीआईपी, खिलाड़ियों, मीडिया एवं आम दर्शकों के लिए पृथक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।
- स्टेडियम के भीतर एवं बाहर स्ट्रैटेजिक पॉइंट्स पर पुलिस बूथ, मेडिकल बूथ एवं कंट्रोल यूनिट स्थापित हैं।

### जनता से अपील

- निर्धारित गेट एवं पार्किंग का ही उपयोग करें।
- सुरक्षा जांच में सहयोग करें।
- किसी भी संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- यातायात नियमों एवं डायवर्जन का पालन करें।
- मैच शुरू होने के दौरान और छूटने के बाद सामान्य लोग डायवर्जन का ध्यान रखें।

# काशी किंग्स की हैट्रिक खिताब की दावेदारी मजबूत



बॉल पर कब्जे के लिए भिड़ते खिलाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोरखपुर राउडीज़ ने दर्ज की दूसरी जीत, बर्बरीक वॉरियर्स का खुला खाता
- यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में रोमांचक मुकाबले
- अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया

**अमृत विचारः** यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में काशी किंग्स ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जीत की हैट्रिक लगाई और नॉकआउट चरण के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। काशी किंग्स ने गाजियाबाद पैंथर्स को 24-19 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पकड़ और मजबूत कर ली। वहीं गोरखपुर राउडीज़ ने मथुरा ब्रजस्टार को हराकर दूसरी जीत दर्ज करते हुए दूसरे स्थान पर जगह बनाई। तीसरे मुकाबले में बर्बरीक वॉरियर्स ने नोएडा ब्लास्टर्स को हराकर अपना खाता खोला।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में चल रही लीग में काशी किंग्स ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। अविनाश ने शानदार खेल दिखाते हुए 7 गोल दागे, जबकि विमलेश ने 4 और अनीश यादव व मोहित ने 3-3 गोल किए। टीम ने हाफ टाइम तक 14-10 की बढ़त बना ली। गोलकीपर रजत खटकर को मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर चुना गया। गाजियाबाद की ओर से मोहित कुमार और संचिन ने 5-5 गोल किए, लेकिन टीम हार नहीं टाल सकी। दूसरे मैच में बर्बरीक वॉरियर्स ने शानदार वापसी करते हुए नोएडा ब्लास्टर्स को 22-17 से हराया। हाफ टाइम तक नोएडा 11-6 से आगे था, लेकिन दूसरे हाफ में बर्बरीक ने आक्रामक खेल दिखाया। हसीन खान ने 11 गोल कर टीम को जीत दिलाई और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर बने।

तीसरे मुकाबले में गोरखपुर राउडीज़ ने मथुरा ब्रजस्टार को 32-25 से मात दी। पवन और क्रिशन ने 8-8 गोल किए और पवन को एमवीपी चुना गया। मथुरा की ओर से निहाल ने 6 गोल किए, लेकिन टीम हार गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया।

## सिटी ब्रीफ

### लीजेंड्स, रॉयल्स ईगल्स व यूनिकॉर्न जीतीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्व . रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मुकाबलों में सीएएल लीजेंड्स, सीएएल रॉयल्स, सीएएल ईगल्स और सीएएल यूनिकॉर्न ने शानदार जीत दर्ज की। ब्लेज विलो ग्राउंड पर सीएएल रॉयल्स ने सीएएल डॉल्फिन्स को 62 रनों से हराया। रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अनंत मिश्रा की नाबाद 103 रनों की शतकीय पारी की बदौलत 233 रन बनाए। जवाब में डॉल्फिन्स 171 रन पर सिमट गई। इसी मैदान पर दूसरे मुकाबले में सीएएल लीजेंड्स ने सीएएल जायंट्स को 4 विकेट से हराया। जायंट्स ने आदित्य सिंह के 79 रनों की मदद से 187 रन बनाए, लेकिन लीजेंड्स ने कृतज्ञ गुप्ता के 54 रनों की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया। यश साहनी ग्राउंड पर सीएएल ईगल्स ने सीएएल नाइट्रोस को 8 विकेट से हराया। नाइट्रोस केवल 76 रन पर सिमट गई। ईगल्स ने लक्ष्य 13 .2 ओवर में हासिल किया। एसएमआर ग्राउंड पर सीएएल यूनिकॉर्न ने सीएएल वॉरियर्स को 8 विकेट से हराया। वॉरियर्स 113 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में यूनिकॉर्न ने अथर्व पांडे और आदर्श यादव की पारियों की मदद से आसानी से जीत दर्ज की।

### लखनऊ नेचर क्लब की बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नुक्कड़ नाटक दिवस पर 12 अप्रैल को लखनऊ नेचर क्लब राम मनोहर लोहिया पार्क में अपनी पहली बैठक करेगा। इस क्लब का गठन प्रकृति, पर्यावरण, इको टूरिज्म और सस्टेनेबल विकास जैसे मुद्दों से युवाओं और नागरिक समाज को जागरूक करने के लिए की गई है। लखनऊ नेचर क्लब के सम्बन्ध में संगीता जायसवाल और वीना राना ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक इस क्लब के साथ 5000 सक्रिय सदस्य जोड़ लिए जाएंगे। यह सदस्य लोगों को बताएंगे कि प्रकृति से प्यार हम केवल उस समय महसूस न करें जबकि हम कहीं घूमने जाएं, बेहतर हो कि हम अपने आसपास भी ऐसी जगहें देखें जहां प्रकृति को कोई नुक्सान पहुंचाए बगैर उससे प्यार किया जा सके। उपासना त्रिपाठी ने बताया कि यह क्लब सभी पर्यावरण प्रेमियों को एक मंच पर लाने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि हमने एको टूरिज्म विभाग और पर्यटन विभाग से यह जानकारियां जुटाई हैं कि लखनऊ और उसके आसपास कितने प्राकृतिक पर्यटन स्थल, जंगल, पक्षी विहार, नदी और झील इत्यादि हैं।

### इंटरनेशनल अवार्ड के लिए चुने गए प्रो. हारिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो . मोहम्मद हारिस सिद्दीकी का चयन प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरू इंटरनेशनल एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेटर्स (आईईए) अवार्ड के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए हुआ है। यह सम्मान यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन (यूएसआईईएफ ) द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) के सहयोग से प्रदान किया जाता है। प्रो . सिद्दीकी के उत्कृष्ट नेतृत्व, शैक्षणिक प्रशासन में उनकी उल्लेखनीय भूमिका तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक सहभागिता और संस्थागत उत्कृष्टता को सशक्त बनाने में उनके योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थापक एवं चांसलर प्रो . सैयद वसीम अख्तर के दूरदर्शी नेतृत्व तथा निरंतर सहयोग को श्रेय दिया। उन्होंने प्रो-चांसलर डॉ . सैयद नदीम अख्तर के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त प्रो-चांसलर्स सैयद अदनान अख्तर, सैयद फौजान अख्तर तथा डॉ . निदा फातिमा, कुलपति प्रो . फुर्कान क़मर का आभार व्यक्त किया। प्रो . मोहम्मद हारिस सिद्दीकी संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, जहां वे अमेरिकी उच्च शिक्षा प्रणाली को निकट से समझने के साथ-साथ शैक्षणिक सहयोग, शोध साझेदारी और वैश्विक संस्थागत सहभागिता के नए अवसरों का अध्ययन करेंगे।

# घर में पहली जीत की तलाश में उतरेगी एलएसजी

## आज इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस के बीच होगा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आईपीएल-26 का 19वां मुकाबला रविवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। दोपहर 3:30 बजे से शुरू होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए अहम है। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स को उनके घर में हराने के बाद एलएसजी का आत्मविश्वास बढ़ा है। टीम अब अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी, क्योंकि उसे पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार मिली थी।

एलएसजी के लिए टॉप ऑर्डर की फॉर्म चिंता का विषय है। निकोलस पूरन, एडन मार्करम (78 रन) और मिचेल मार्श (64 रन) उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कप्तान ऋषभ पंत को भी निरंतरता दिखानी होगी। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और युवा प्रिंस यादव (3 मैच में 5 विकेट) का प्रदर्शन टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।

**गुजरात टाइटंस- एकजुट होकर खेलने की चुनौती**-गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सीजन में मिला-जुला रहा है, लेकिन दिल्ली के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है। कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर अच्छी फॉर्म में हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान की जोड़ी लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकती है, खासकर स्पिन के अनुकूल इकाना की पिच पर।

**स्पिनरों के लिए मददगार पिच**-इकाना स्टेडियम की पिच स्पिनरों के लिए मददगार मानी जाती है, हालांकि हाल में लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी चुन सकती है। मौजूदा हालात में 180 रन का स्कोर सुरक्षित माना जा रहा है। अब देखना होगा कि एलएसजी अपनी लय बरकरार रखती है या गुजरात बाजी मारती है।

### घरेलू मैदान पर वापसी को तैयार लखनऊ: क्लूजनर



**अमृत विचार, लखनऊ :** इकाना स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के असिस्टेंट कोच लांस क्लूजनर ने टीम के आत्मविश्वास को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। शनिवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि लगातार दो जीत के बाद टीम बेहतर लय में लौट चुकी है और ड्रेसिंग रूम का माहौल भी उत्साहजनक है। उन्होंने माना कि टीम को पहले घरेलू मैच में हार मिली थी, लेकिन अब खिलाड़ी नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। क्लूजनर के मुताबिक इस सीजन में टीम की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी यूनिट है, जहां खिलाड़ी सामूहिक रूप से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जो घरेलू परिस्थितियों में टीम को मजबूती देता है। टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी पर उन्होंने ऋषभ पंत, आयुष बडोनी और मुकुल के प्रयासों की सराहना की। वहीं निकोलस पूरन, एडन मार्करम और मिचेल मार्श को 'सोए हुए दिग्गज' बताते हुए कहा कि यह लंबा टूर्नामेंट है और ये खिलाड़ी सही समय पर फॉर्म में लौटेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रमुख बल्लेबाज जल्द ही बड़े स्कोर बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे।

### कैंप बदला है, जज्बा नहीं : विजय दहिया



**अमृत विचार, लखनऊ :** गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच विजय दहिया अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में इस बार नई टीम के साथ रणनीति बनाते नजर आएंगे। मैच से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आईपीएल में पेशेवर रवैया सबसे अहम होता है और टीम बदलने से प्रतिबद्धता नहीं बदलती। दहिया ने कहा कि पहले वह लखनऊ टीम के लिए पूरी निष्ठा से काम कर चुके हैं और अब गुजरात टाइटंस के लिए उसी समर्पण के साथ जुटे हैं। उन्होंने इसे लीग की खूबसूरती बताते हुए कहा कि खिलाड़ी और कोच हर परिस्थिति में अपनी भूमिका के प्रति ईमानदार रहते हैं। पिच को लेकर उन्होंने बताया कि पिछला मैच लाल मिट्टी पर खेला गया था, जबकि आगामी मुकाबला मिश्रित मिट्टी पर हो सकता है। साथ ही यह डे मैच होने से परिस्थितियां अलग और चुनौतीपूर्ण रहेंगी। उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट में करीबी मुकाबले आम हैं और टीम की ताकत आखिरी गेंद तक संघर्ष करना है। कप्तान शुभमन गिल की सराहना करते हुए दहिया ने कहा कि उनकी काबिलियत सबको पता है और उनकी कप्तानी में टीम अच्छा कर रही है। वहीं राशिद खान पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं और हर भूमिका में अपना शत-प्रतिशत देते हैं।



एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में यूनीफार्म के साथ एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# रैंक व यूनिफॉर्म पाकर खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

**अमृत विचारः** एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में शनिवार को एनसीसी इकाई की ओर से कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के आधार पर विभिन्न रैंक प्रदान किए गए। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव के संरक्षण में तथा सीटीओ डॉ. मनीषा कुमारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

प्राचार्य ने बताया कि 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत महाविद्यालय में पिछले लगभग 20 वर्षों से एनसीसी कैडेट्स लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। रैंक प्राप्त करने वालों में सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) के रूप में श्वेता, अंडर ऑफिसर (यूओ) में शालिनी पांडेय और महिमा मिश्रा, सार्जेंट (एसजीटी) में सिद्धि सिंह, खुशी वर्मा, शगुन और खुशी को सम्मानित किया गया। वहीं कॉरपोरल (सीपीएल) में रागिनी, कशिश गुप्ता, प्रिया कन्नौजिया और श्रद्धा पांडेय तथा लांस कॉरपोरल (एलसीपीएल) में अंजलि निराला, मुस्कान, चांदनी, याशिका कन्नौजिया और अनामिका पांडेय को चयनित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष की कैडेट्स को यूनिफॉर्म भी वितरित की गई, जिससे उनकी खुशी और बढ़ गई। सीटीओ डॉ. मनीषा कुमारी ने सभी को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# अग्रवाल कॉलेज ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर की ओर से 'स्कूल चलो अभियान' जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के तहत 'स्कूल चलो अभियान 2026' को लेकर छात्र-छात्राओं ने इस जागरूकता रैली का आयोजन कालेज प्रांगण से किया।

मोती नगर से शुरू होकर, आर्यनगर, अहीर नगर एवं ऐशबाग ओवरब्रिज होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में इसका समापन हुआ। रैली का संयोजन एवं मार्गदर्शन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, प्रबंधक नरेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल द्वारा किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार के संदेश के माध्यम से शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कमल कुमार तिवारी के नेतृत्व में समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रैली में सहभागिता की।




महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर में जागरूकता रैली में शामिल छात्र।

# डिजिटल युग में संतुलन और सुरक्षा पर मंथन


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**अमृत विचारः** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश की ओर से शनिवार को इंजीनियर्स भवन, रीवर बैंक कॉलोनी में डिजिटल वेलबीइंग व साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें शिक्षाविदों, अभियंताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का संतुलित और सुरक्षित उपयोग बेहद जरूरी है। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के साथ साइबर खतरों में भी वृद्धि हुई है, जिससे बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक है। मुख्य वक्ता इं. जेबी सिंह (पूर्व विभागाध्यक्ष, इंजीनियरिंग, एलआईसी एचएफएल केयर होम्स, मुंबई) ने तकनीक के संतुलित उपयोग को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया।

डॉ. दिव्या शर्मा (सहायक प्राध्यापक, आईईटी) ने अधिक स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभाव और डिजिटल डिटॉक्स की जरूरत पर जोर दिया। प्रो. (डॉ.) नीलम श्रीवास्तव ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, मजबूत पासवर्ड और सुरक्षित प्लेटफॉर्म अपनाने की सलाह दी। इं. राजेश श्रीवास्तव ने स्क्रीन टाइम के स्वास्थ्य पर प्रभाव और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वीपी सिंह ने की, जबकि संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ला और मानद सचिव इं. एनके निषाद ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई।



दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# ज्योतिबा राव फुले के जन्मोत्सव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ज्योतिबा राव फुले जी के जन्मोत्सव के अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंशु केडिया ने छात्राओं को ज्योतिबा राव फुले के व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि वे 19वीं सदी के महान समाज सुधारक, विचारक और लेखक थे। वर्ष 1873 में उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य बिना ब्राह्मण पुरोहित के विवाह कराना और सभी जातियों को समान अधिकार दिलाना था। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया और बाल विवाह का विरोध किया। साथ ही विधवाओं के सिर मुंडवाने जैसी कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाई। प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर पहली महिला शिक्षिका के रूप में स्थापित किया और आगे चलकर कई छात्राओं के लिए विद्यालय खोले। कार्यक्रम में प्रो. ज्योत्सना पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें दूरदर्शी समाज सुधारक बताया। इस दौरान महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

**बुरा हाल**

**कठौता झील के पास 'खतरे की सवारी', सुरक्षा मानकों की अनदेखी**

# पोर्टल पर दर्ज 1300 में 456 स्कूली वाहन जांच में मिले अनफिट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** परिवहन विभाग के इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर दर्ज करीब 1300 स्कूली वाहनों में से 456 अनफिट पाए गए हैं। इसके बावजूद ये वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं और बच्चों को ढो रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है।

विभाग ने वाहनों के पंजीकरण के लिए 25 टीमें लगाई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई न के बराबर है। आरोप है कि अधिकारी स्कूल परिसरों में औपचारिक जांच कर रहे हैं, जबकि बाहर अवैध रूप से चल रही सफेद वैन और ईको गाड़ियां बच्चों से भरी सड़कों पर दौड़ रही हैं। गोमती नगर स्थित कठौता झील के आसपास के स्कूलों में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी सामने आई है।

- कार्रवाई के बजाय छूट जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल

> जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिली है। कुछ वाहनों पर कार्रवाई हुई है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं माना जा रहा।
>
> -आलोक यादव, एआरटीओ प्रवर्तन

सूत्रों के अनुसार, अवैध वाहनों पर सख्ती के बजाय 15 दिन की छूट दी गई है। अभियान के 12 दिन बाद भी 50 प्रतिशत वाहन पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सके हैं। ऐसे में विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं कि जब फिट और अनफिट वाहनों की जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

बच्चों की सुरक्षा से समझौता क्यों-शहर में हजारों स्कूली वाहन संचालित हो रहे हैं, लेकिन निगरानी के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई हो रही है। जिम्मेदार अधिकारी पोर्टल अपडेट करने में व्यस्त हैं, जबकि सड़कों पर बच्चे जोखिम भरा सफर तय करने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक बच्चों की सुरक्षा यूं ही दांव पर लगती रहेगी।

### वाहनों में यह खामियां

- जीपीएस और कैमरा सिस्टम का अभाव
- स्पीड गवर्नर नहीं
- सीट बेल्ट और साइड मिरर गायब
- आउटर सेफ्टी रॉड नहीं
- अवैध सीट एडजस्टमेंट



गोमती नगर कठौता झील के पास स्कूली वैन में बैठे बच्चे।